# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स, हिन्दुस्तान, जागरूक एक्सप्रेस,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 28.06.2025

#### 5 बीघे की अवैध प्लॉटिंग वीडीए ने कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से शुक्रवार को मुगलसराय में पांच बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। मुगलसराय वार्ड के सीतापुर में अज्ञात की ओर से बिना लेआउट स्वीकृत 5 बीघे में अवैध निर्माण किया गया था। जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने पुलिस के सहयोग से ध्वस्त कराया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आम जनता से अपील की कि बगैर नक्शा पास कराने निर्माण न कराएं। सिकरौल वार्ड के नई बस्ती में रमेश कुशवाहा की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 125 वर्गमीटर में अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिसे वीडीए ने सील कर थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 28.06.2025

#### राज्यमंत्री ने किया सांस्कृतिक पथ परियोजना का शिलान्यास



सांस्कृतिक पथ करियप्पा मार्ग परियोजना का शिलान्यास करते राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल। स्रोत-वीडीए

**वाराणसी।** करियप्पा मार्ग (जेएचवी मॉल से विक्ट्री ब्रिज तक) पर विकसित किए जाने वाले 500 मीटर लंबे सांस्कृतिक पथ के सुंदरीकरण और निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को किया। यह कार्य वीडीए और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। इस परियोजना का मूल उद्देश्य काशी की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक पहचान को पर्यटन से जोड़ते हुए स्थानीय कारीगरों को नया मंच प्रदान करना है। सांस्कृतिक पथ पर लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, बनारसी वस्त्र कला जैसे विश्वविख्यात उत्पादों को स्क्रैप से निर्मित कलाकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। यह न केवल बनारस की पारंपरिक पहचान को फिर से जीवंत करेगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस पथ में 2.5 मीटर चौड़ा पैदल मार्ग, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, पर्यटन स्थलों की जानकारी देने वाले साइनेज, सेल्फी प्वाइंट और सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ सत्यम मोहन, वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 28.06.2025

### वीडीए ने अवैध निर्माण सील कर तोड़ी प्लाटिंग

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को अवैध निर्माण और जमीन की प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन के एक जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा ने बताया कि सिकरौल वार्ड रामेष्ट नगर कालोनी नई बस्ती में रमेश कुशवाहा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कर रहे थे। उसे सील करने के साथ ही पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जोन पांच के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश ने बताया कि मुगलसराय वार्ड के सीतापुर में बिना ले-आउट पास कराए पांच बीघा में जमीन की प्लाटिंग हो रही थी।

## दैनिक जागरण–दि0 28.06.2025


### जोनल अधिकारी पास करेंगे तीन सौ वर्ग मीटर तक शमन मानचित्र

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** भवन स्वामियों की सुविधा को लेकर वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने तीन सौ वर्ग मीटर तक शमन मानचित्र पास करने का अधिकार सभी जोन के जोनल अधिकारी को दे दिया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि पहले तीन सौ मीटर तक शमन मानचित्र पास करने का अधिकारी अपर सचिव के पास था। अपर सचिव का स्थानांतरण होने के बाद यह अधिकारी अब जोनल अधिकारी को दे दिया गया है। इससे भवन स्वामियों का कम समय में नक्शा पास हो जाएगा।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.06.2025

### जोन-5,वार्ड-मुगलसराय के अंतर्गत 05 बीघा में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड–मुगलसराय, ग्राम–सीतापुर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा बिना



लेआउट स्वीकृत कराए 05 बीघे में की गयी अवैध प्लाटिंग को आज दिनांक 27/06/2025 को उ0 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश एवं अवर अभियंता अशोक कुमार यादव तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से बिना लेआउट/मानचित्र स्वीकृत कराये किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.06.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा नीचीबाग व्यावसायिक योजना,चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध



प्लाजा का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान योजना परिसर में स्थित बाटा शोरूम का भी अवलोकन किया गया, जिसका आवंटन किराया लंबित होने के कारण पूर्व में निरस्त कर दिया गया था। उक्त शोरूम वर्तमान में नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित है। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नीलामी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि पार्क का समस्त कार्य श्रावण मास प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। इसके अंतर्गत छायादार बेन्चेस तथा पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए।उपाध्यक्ष ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि समस्त कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाये द्यनिरीक्षण के दौरान बंदरों से सुरक्षा हेतु लगाए गए मेटल जाली डिजाइन का अवलोकन किया गया द्य

उपाध्यक्ष द्वारा यह निर्देश दिया गया कि प्लाजा परिसर में हर समय स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, दुकानों के सामने सौंदर्यपूर्ण एवं समरूप साइनेज बोर्ड लगाए जाये तथा प्लाजा के बहार अवैध रूप से दुकानें न लगाये जाने के सख्त निर्देश दिए गए।निरीक्षण के उपरांत उपाध्यक्ष द्वारा गोदौलिया स्थित रोपवे परियोजना की वर्तमान प्रगति का भी निरिक्षण किया गया

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी


राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 28.06.2025

# करियप्पा मार्ग पर बनेगा 'प्रतीक पथ'

**वाराणसी।** काशी की सांस्कृतिक विरासत को नए रूप में दर्शाने वाली महत्वपूर्ण परियोजना की नींव बुधवार को रखी गई। करियप्पा मार्ग पर विकसित किए जाने वाले 500 मीटर लंबे सांस्कृतिक पथ के सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य का राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने शिलान्यास किया। यह कार्य वीडीए और छावनी परिषद के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 28.06.2025

# वीडीए ने गोदौलिया पर किया स्थलीय निरीक्षण

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा शुक्रवार को नीचीबाग व्यावसायिक योजना, चितरंजन पार्क, दशाश्वमेध प्लाजा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। वीडीए उपाध्याक्ष ने निरीक्षण के दौरान योजना परिसर में स्थित बाटा शोरूम का भी अवलोकन किया गया, जिसका आवंटन किराया लंबित होने के कारण पूर्व में निरस्त कर दिया गया था। उक्त शोरूम वर्तमान में नीलामी प्रक्रिया में सम्मिलित है। उपाध्यक्ष द्वारा नीलामी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि पार्क का समस्त कार्य श्रावण मास प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाए। इसके अंतर्गत छायादार बेन्चेस तथा पौधरोपण कराने के निर्देश दिए गए। उपाध्यक्ष ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि समस्त कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाये। बंदरों से सुरक्षा हेतु लगाए गए मेटल जाली डिजाइन का अवलोकन किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा यह निर्देश दिया गया कि प्लाजा परिसर में हर समय स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, दुकानों के सामने सौंदर्यपूर्ण एवं समरूप साइनेज बोर्ड लगाए जाये तथा प्लाजा के बहार अवैध रूप से दुकानें न लगाये जाने के सख्त निर्देश दिए गए।

